GA/1443-1500
पत्र संख्या :.....................(सा0प्रशा0)/19
दिनांक :......18.01.2020

> समस्त पत्र–व्यवहार रजिस्ट्रार, लखनऊ विश्वविद्यालय, को सम्बोधित करें अन्य किसी अधिकारी के नाम से नहीं।

प्रेषक,

कुलसचिव,
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ।

सेवा में,

समस्त् संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

विषयः– जनपद बिजनौर से कानपुर तक तथा जनपद बलिया से कानपुर तक गंगा यात्रा आयोजन के संबंध में।

महोदय/महोदया,

कृपया के पत्र संख्या आर/17/19 दिनांक 14.01.2020 का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसके द्वारा शासन के पत्र संख्या 62/70–3–2020–08 (1)/2020 दिनांक 07.01.2020 संलग्न करते हुए यह अवगत कराया गया है कि दिनांक 27.01.2020 से 31.01.2020 से जनपद बिजनौर से कानपुर तथा जनपद बलिया से कानपुर तक गंगा यात्रा का आयोजन सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा किया जा रहा है। उक्त यात्रा दिनांक 27.01.2020 को पूरब में बलिया तथा पश्चिम में जनपद बिजनौर से प्रारम्भ होकर दिनांक 31.01.2020 को कानपुर में सम्पन्न होगी। गंगा यात्रा के दौरान चिन्हित स्थलों पर नदी तरफ यात्रा का स्वागत किया जायेगा तथा यात्रा अन्तिम दिवस को दोनों यात्रा समूह का समागम कानपुर जिले में होगा। इस अवसर पर एक वृहद् कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेगा।

गंगा यात्रा के दौरान विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए जाने तथा कार्यक्रम की फोटो निदेशक, उच्च शिक्षा की ई–मेल आई0डी0 info@dheup.com तथा शासन को भी उपलब्ध कराने के निर्देश प्रदान किये गये हैः–

1. यात्रा के दिवसों में शिक्षा विभाग द्वारा गंगा की निर्मलता एवं जल संरक्षण से सम्बन्धित निबन्ध प्रतियोगिता चित्रकला प्रतियोगिता, वाद–विवाद एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं का आयोजन।
2. विद्यालयों एवं कालेजों में समस्त् छात्रों हेतु पर्यावरण से सम्बन्धित जागरूकता अभियान।
3. यात्रा के दौरान स्थलों पर स्वागत/स्वागत सभा/जनसभाओं में एन0एस0एस0 के वालेन्टियर्स की सेवायें उपलब्ध करायी जायेंगी।

इस संबंध में आपसे पुनः अनुरोध है कि दिनांक 22.01.2020 से 25.01.2020 को आयोजित होने वाले गंगा की निर्मलता एवं जल संरक्षण से सम्बन्धित निबन्ध प्रतियोगिता चित्रकला प्रतियोगिता, वाद–विवाद एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं का विस्तृत कार्य योजना बनाकर 18.01.2020 तक कार्यालय उपलब्ध कराने एवं 22.01.2020 से 25.01.2020 की तिथियों अपने विभाग में कार्यक्रम सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम की फोटोग्राफ, विडियों आदि यथाशीघ्र कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि निदेशक, उच्च शिक्षा की ई–मेल आई0डी0 info@dheup.com पर फोटोग्राफ, विडियों आदि प्रेषित किया जा सकें।

संलग्नक यथोपरि।

भवदीय,
(एस0के0 शुक्ल)
कुलसचिव

संख्या........................ दिनांकः........................
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

01. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के सूचनार्थ ।
02. समस्त् प्राचार्य/प्राचार्या, सहयुक्त लखनऊ विश्वविद्यालय को इस आशय से प्रेषित की उक्त का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए निदेशक, उच्च शिक्षा की ई–मेल आई0डी0 info@dheup.com पर कार्यक्रम से सम्बन्धित फोटोग्राफ, विडियों आदि प्रेषित करने का कष्ट करें।
03. प्राचार्य एवं संकायाध्यक्ष, ललित कला संकाय को इस आशय से प्रेषित की वह नोडल अधिकारी समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम से सम्बन्धित पोस्टर, बैनर आदि बनवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें
04. डॉ0 राकेश द्विवेदी, नोडल अधिकारी, को इस आशय से प्रेषित की कार्यक्रम की विस्तृत कार्य योजना बनाकर 18.01.2020 कार्यालय को उपलब्ध करायें।
05. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
06. इंचार्ज वेबासाइट को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना समस्त् संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/ प्राचार्य/प्राचार्या, सहयुक्त लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ विश्वविद्यालय,लखनऊ को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित करने का कष्ट करें।
07. उपकुलसचिव, सा0प्रशा0।

उपकुलसचिव